समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम की अयोध्या यात्रा : राम जन्मभूमि परिसर मे पूंजा-अर्चना और मंदिर प्रबंधन का अवलोकन

Publisher

Published on 12 Sep 2025



मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 को अपनी भारत यात्रा के दौरान अयोध्या में स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नी वीना रामगुलाम और 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था।

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद उनका काफिला सीधे राम जन्मभूमि मंदिर तक प्रधानमंत्री का काफिला पारंपरिक स्वागत के साथ पहुंचा, जिसमें ढोल-नगाड़ों और शंखनाद की ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री रामगुलाम ने विधिवत पूजा-अर्चना की और रामलला के दर्शन किए। उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया और निर्माण कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्हें मंदिर निर्माण से जुड़ी एक विशेष लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें मंदिर की भव्यता और शिल्पकला की झलक प्रस्तुत की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री का यह दौरा भारत और मॉरीशस के बीच सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस में भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखते हैं।

प्रधानमंत्री रामगुलाम ने इस यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि वे राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस यात्रा को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करेगा। साथ ही, यह अयोध्या और राम जन्मभूमि मंदिर की वैश्विक पहचान को भी उजागर करेगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.